रानी कमलापति रेलवे स्टेशन को मिला 'फाइव स्टार ईट राइट स्टेशन' का प्रमाण-पत्र

चर्चा में क्यों?

हाल ही में पश्चिम मध्य रेल भोपाल मंडल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन को भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा 'फाइव स्टार ईट राइट स्टेशन (Five Star Eat Right Station)' प्रमाणित किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- रानी कमलापति रेलवे स्टेशन को खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के अनुपालन, स्वस्थ आहार की उपलब्धता, तैयारी के समय भोजन का प्रबंधन, खाद्य अपशिष्ट प्रबंधन, स्थानीय और मौसमी भोजन को बढ़ावा देने तथा खाद्य सुरक्षा एवं स्वस्थ आहार के बारे में जागरूकता पैदा करने के आधार पर आँका गया है।
- 'ईट राइट स्टेशन' पहल एफ.एस.एस.ए.आई. और एफ.एम.सी.जी. प्रमुख द्वारा शुरू किये गए 'ईट राइट इंडिया' मूवमेंट का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर स्थित खानपान इकाइयों में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देना है।
- विदित है कि सिघन जाँचों एवं निरीक्षणों के बाद रानी कमलापति रेलवे स्टेशन को फाइव स्टार रेटिंग दी गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rani-kamalapati-railway-station-got-the-five-star-eat-right-station-certificate